15.31 hrs.

ARMED FORCES (SPECIAL POWERS) REPEAL BILL*

SHRI CHITTA BASU (Barasat): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to repeal the Armed Forces (Special Powers) Act, 1958.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill to repeal the Armed Forces (Special Powers) Act, 1958."

The motion was adopted.

SHRI CHITTA BASU: Sir, I introduce the Bill.

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL*

(AMENDMENT OF ARTICLE 31C, ETC.)

SHRI CHITTA BASU (Barasat): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

The motion was adopted.

SHRI CHITTA VASU: Sir, I introduce the Bill.

15.32 hrs.

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL*

(AMENDMENT OF ARTICLES 101 AND 190)

SHRI K. LAKKAPPA (Tumkur): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

The motion was adopted.

SHRI K. LAKKAPPA: Sir, I introduce the Bill.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Jethamalani. He is not here.

15.33 hrs.

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL—*Contd.*

(OMISSION OF ARTICLE 310, ETC.)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up further consideration of the Constitution (Amendment) Bill, moved by Shri Bhagat Ram.

Shri O. P. Tyagi was on his legs. He will continue his speech.

श्री ओम प्रकाश त्यागी (बहराइच) : श्री भगत राम ने जो विधेयक रखा है उसका मैं विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं। इसके समर्थन में वक्ताओं ने जो दलीलें दी हैं उन में से प्रमुख एक यह थी कि यह एक्ट अंग्रेजों ने अपने हित के दृष्टिकोण से, अपनी इच्छानुसार अपने व्यक्तियों को नियुक्त करने और उनको हटाने के उद्देश्य से बनाया था। उनका कहना है कि आजादी के बाद इस प्रकार का प्रावधान समाप्त हो जाना चाहिए था। अंग्रेजों ने चाहे जिस दृष्टिकोण से इस प्रकार का एक्ट बनाया हो लेकिन हमारे संविधान निर्माताओं के सामने जब ऐसी बातें आई तो उन्होंने भी उनको ज्यों का त्यों रख लिया और बहुत सी बातें ब्रिटिश कांस्टीट्यूशन और अमरीकन कांस्टीट्यूशन से भी ली और वे ली जो हमारे लिए हितकर थीं। अंग्रेजों ने कोई एक्ट बनाया इसलिए वह बुरा था इससे मैं सहमत नहीं हूं। मैं मानता हूं कि अंग्रेजों का और हमारा दृष्टि-

---

*Published in Gazette of India Extraordinary Part II, section 2, dated 6-4-79.

[श्री ओम प्रकाश त्यागी]

कोण भिन्न भिन्न हो सकता है। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं। बन्दूक बनाने वाले ने बन्दूक बनाई। उसने अपने दृष्टिकोण से बनाई। हो सकता है डाका डालने के लिए बनाई हो। लेकिन हम ने उस बन्दूक को स्वीकार किया है तो इस उद्देश्य से ताकि देश की रक्षा हम कर सकें, देश को सुरक्षित रख सकें।

धारा 310 को आप देखें। उस में गवर्नर और प्रेसीडेंट को किसी को हटाने का अधिकार दिया गया है। उस में ऐसा लिखा हुआ है :

"Except as expressly provided by this Constitution, every person who is a member of a defence service or of a civil service of the Union or of an all-India service or holds any post connected with defence or any civil post under the Union, holds office during the pleasure of the President, and every person who is a member of a civil service of a State or holds any civil post under a State holds office during the pleasure of the Governor of the State."

यह जो क्लाज है, धारा है यह अधिकांश में सुरक्षा सेनाओं से सम्बन्धित है, चाहे वह सिविल पोस्ट हो या और कोई महत्वपूर्ण पद हो। उनसे सम्बन्ध रखती है यह धारा लेकिन यह पूर्ण अधिकार नहीं देती है प्रेसीडेंट को या गवर्ननर को। 311 में साथ ही साथ प्रोवीजन किया हुआ है :

"No such person as aforesaid shall be dismissed or removed or reduced in rank except after an inquiry in which he has been informed of the charges against him and given a reasonable opportunity of being heard in respect of those charges."

यह इसमें सेफगार्ड दिया हुआ है। तो इसके रहते हुए मेरी समझ में नहीं आया कि फिर भय क्या है? 310 की धारा को हटाने की मांग किस लिए की गई है? कुछ केसेज ऐसे होंगे जिनमें कि चार्ज देने की आवश्यकता अनुभव न हो प्रेसीडेंट और गवर्नर को। धारा यही है कि चार्ज दिये जायेंगे, स्पष्टीकरण देने के लिए उनको अवसर दिया जाएगा।

वर्तमान समय में इस धारा को रखना आवश्यक क्यों है? यह प्रश्न हो सकता है जब हम ने मिसा व डी० आई० आर० का विरोध किया जो कि तानाशाही की पावर होती है, फिर इस प्रकार के तानाशाही अधिकार हम सरकार को क्यों देना चाहते हैं? क्यों इस धारा का रहना आवश्यक है? इस बारे में मैं कुछ कहना चाहूंगा। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि कुछ लोगों को मेरी बात बुरी लगेगी। भारतवर्ष ही नहीं दुनिया के सभी देश बड़ी शक्तियों के अखाड़े हैं। और तीसरी शक्ति बन रहा है, और यह तीनों बड़ी शक्तियां, अमरीका, रूस और चाइना यह अन्य देशों को अपने दायरे में लाने के लिए बहुत बड़ी धनराशि खर्च कर रहे हैं और हर देश में अपने एजेंट्स भी पैदा कर रहे हैं, हर देश में हैं, यहां भी हैं, चाहे उनको सी0 आई0 ए0 कहिए या और किसी नाम से कहिए। साथ साथ में उन देशों के भी एजन्टस हैं जो हमारे पड़ोसी देश कहे जाते हैं। वह भी हमारी गतिविधियों को देखते हैं। हमारे भी वहां एजन्ट होना स्वाभाविक हो सकता है ताकि पड़ोसी देश की गतिविधियों को ध्यान में रखें। तो सरकार को उन एजेंट्स के बारे में और दूसरे जो ऐंटी सोशल एलीमेंट्स हैं, उनको किस कानून के मातहत रखना चाहिए। एक समस्या आयी कि 10, 10 साल से कुछ लोग जेलों में पड़े हैं और उनको चार्जेज नहीं दिए। क्या बात है? उन में से अधिकांश ऐसे ही लोग हैं जिनके कारण से देश को खतरा है। अब देश में जो हमारी सरकार के विरोध में विद्रोह कर रहे हैं उन को पकड़ा है। "कुछ"

ऐसे लोग भी हो सकते हैं जो हमारी सर्विसेज में हों। उन अराष्ट्रीय तत्वों के बारे में या इस प्रकार के एजन्टों के बारे में जिनकी लायल्टी हमारे देश के साथ नहीं है, विदेशों के साथ है, ऐसे आदमी को हम अपनी फौज में या महत्वपूर्ण पद पर रखें तो किस तरीके से। चार्जेज कहीं कहीं नहीं भी दिए जा सकते हैं क्योंकि हमने अपने गुप्तचर विभाग के द्वारा मालूम कर लिया कि फलां आदमी डाउटफुल कैरेक्टर का है, उसको महत्वपूर्ण पद पर नहीं रहने दिया जा सकता है। दुश्मनी के साथ अगर किसी को निकाला तो बात समझ में आ सकती है। लेकिन डाउटफुल कैरेक्टर के लोगों को पद से हटाने का जो अधिकार राष्ट्रपति और गवर्नर को दिया गया है यह अधिकार उन को जरूर दिया जाना चाहिए। मैं समझता हूं कि देश की सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह धारा अत्यावश्यक है, विशेष रूप से इस लिये कि इस देश में अराष्ट्रीय तत्वों का बहुत बड़ा बोलबाला है और हमारे यहां का जो पोलिटिकल ढांचा है वह बहुत कुछ प्रभावित हो रहा है उसी प्रकार के एलीमैंट्स के द्वारा मेरी इस बात की जानकारी है कि जहां जिसकी शक्ति ज्यादा है, वहां वह अपने-अपने एजेन्ट्स को, अपने व्यक्तियों को ऊपर ऐसे पदों पर पहुंचाना चाहते हैं जहां से उन्हे फायदा हो। उदाहरण के तौर पर मैं कहना चाहूंगा कि कुछ लोगों का विश्वास प्रजातंत्र में नहीं है, लेकिन वह प्रजातंत्र के ढांचे को अपने उद्देश्य के दृष्टिकोण से प्रयोग कर रहे हैं। उनका विश्वास है कि Power comes through the barrel of gun. उनकी मान्यता है कि पूंजीवादी शासन को प्रजातांत्रिक उपाय से नहीं हटाया जा सकता है, इस लिए उस को हटाने के लिए खूनी क्रांति आवश्यक है। उसके लिए दो चीजें आवश्यक हैं, एक तो सेना में अपने आदमी पहुंच जायें और दूसरे जनता में असंतोष हो।

जनता में असंतोष न हो तो वह चाहते हैं, उसे पैदा किया जाए। जहां कहीं गांव में या और कहीं असंतोष चल रहा हो तो उनकी इच्छा है कि वहां असंतोष पैदा करें। इस देश में ऐसी पार्टियों के द्वारा यूनियनें बनाई हुई हैं और उनके द्वारा जगह-जगह हड़तालें कराई जाती हैं। मुझे आश्चर्य होता है जब बैंकों में और एल0 आई0 सी0 में हड़तालें होती हैं और उस से भी ज्यादा तब जब कि एयर इंडिया में और एयर इंडिया के पाइलैट्स द्वारा हड़तालें होती हैं जो कि हाइएस्ट पेड होते हैं, यहां के मंत्रियों से भी ज्यादा उनकी तनख्वाहें होती हैं। इन यूनियनों की लायलटी देश के साथ नहीं है, उन को इशारा कहीं और से मिलता है कि असंतोष पैदा करो जिससे देश में बहबूदी न आये, असंतोष पैदा हो ताकि वह ग्राऊंड्स हमारे यहां तैयार हो जायें इस तरह के एलीमैंट्स के। मैं पूछना चाहता हूं कि संविधान की कोनसी धारा है, जो अराष्ट्रीय तत्व हैं, सन्देहास्पद जिनकी लायलटी है, उनको कोनसी धारा के अन्तर्गत निपटेंगे, उनके साथ व्यवहार करेंगे। यह धारायें हैं जो शक्ति देती हैं लेकिन यह धारा वे लगाम नहीं है, इस के साथ भी धारा 311 जुड़ी हुई है जिसमें यह है कि उनको हटाने से पहले चार्ज लगायें जायेंगे, उनको एक्सप्लेन करने का मौका दिया जाएगा। इस धारा के रहते कोई आवश्यकता नहीं है। लेकिन धारा 310 की आवश्यकता इस लिए है कि इस से देश के अराष्ट्रीय तत्वों से निपटा जा सकता है। इस लिए मैं इस विधेयक का विरोध करता हूं।

PROF. P. G. MAVALANKAR (Gandhinagar): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I rise to congratulate my friend, Mr. Bhagat Ram for the Bill he has brought not because I want to support him fully. I cannot go to the extent that he wants us to go. But I congratulate him because he has pin-pointed through this Bill one of the most serious problems facing the modern State, particularly, democra-

[Prof. P. G. Mavalankar]

cies. Therefore, I rise to support the substance and spirit underlining the measure that he has brought.

Mr. Deputy Speaker, Sir, he has mentioned in his Statement of Objects and Reasons that this Article 310 which he wants to get rid of is based particularly and solely on the Government of India Act 1935. The trouble is that in drafting our Constitution the then Drafting Committee was largely influenced by the Government of India Act, 1935, including its local phraseology, and on many occasions they found it perhaps convenient to adopt bodily most of the Articles into the new set-up, except those which required verbal changes because of new conditions as a result of Independence.

Sir, the Government of India Act, 1935 is writ large in our constitution. This gives me a chance to make the point that if and when this Constitution is going to be amended in a comprehensive way, not with a view to making it more undemocratic but to making it more democratic and workable—then we must apply our mind to this problem of finding out as to how far the Government of India Act, 1935 need not be bodily copied into the new Constitution. So, I think that that point is well taken.

Then, my next point is this. I make a distinction between what is called 'British influence' and what is called 'colonial influence under the British'. The British were having certain sets of standards during their hey-day when the Sun never set in the Empire! One of them was for their own home consumption—of traditions of liberty, freedom, habeas corpus and all the great traditions beginning from the Magna Carta of 1215 onwards. Then there is the other tradition of irresponsible, unreasonable, unanswerable, unaccountable Governments in various colonial territories. India naturally was in the latter category in those decades. Now what I suggest is this. In order to adopt and adapt—according to our conditions and our temperament and situation,—certain things which were inherently good in the British tradition, we have also unfortunately take in a number of colonial things of the British which were lingering on under the various colonies, including India, when we were dependents of the British. Therefore, I think, Article 311 and many other Articles, give me an opportunity to tell the Government and the House that we should also go into the question and find out how far and to what extent the colonial influence of the British is also incorporated in this provision and so we must get rid of that particular thing. Mr. Deputy Speaker, having said that, I want to tell briefly the House why it is that I support the spirit of the Bill. It is mainly because the article leaves tremendously arbitrary powers in the hands of the executive authority.

Now, my friend, Shri O. P. Tyagi was at pains to explain why it is important and necessary that in the case of the security of the State Government must have power even if it is arbitrary. But he meant it, that is to say, 'arbitrary power to dismiss anyone they like, without assigning any reason'. Because, he said, security of State is involved. Now, Sir, I am with him when he says that the security of the State is involved. But the question is this. Who is to decide this question of the 'security of the State'? And, moreover, how do you define the "pleasure doctrine"? Article 310 talks of the "pleasure doctrine". Article 311 talks about the security of the State. Now, Sir, both are, if I may say so, such wonderfully vague and delightfully inadequate, incomplete phrases that one does not know what exactly is meant by phrases like "pleasure doctrine" and "Security of the State".

I would like to tell my hon. friend Mr. Tyagi that although I agree with

him on the principle of it, the difficulty here is that the line is very thin between arbitrary action used in getting rid of the traitors and arbitrary action used in getting rid of inconvenient people. And quite often, even democratic Governments all over the world have used this arbitrary power to get rid of inconvenient people and inconvenient situation under the name of 'security of the State' and 'pleasure doctrine'. That is where the difficulty comes. One can say that not only was this arbitrary power used extensively for a period of these thirty years by various governments at various levels, at the State's level and at the Federal level, but what is worse is, during the Emergency, this particular article was used with such xest and almost with such vengeance that literally almost hundreds of Government servants at all levels were sent home and there was no question of any appeal.

I ask one question whether it is in consonance with what is called natural justice and natural rights of every citizen.

I can understand that there may be exceptional cases where it may be difficult for the State to establish the evil things or the mischievous things or the anti-national activities of a particular citizen. In such cases the citizens may be got rid of, but such cases may be limited in number. They may be exceptional. But the exceptional cases are treated on par with other cases. The Government uses this power to get rid of any one they don't like. And, Sir, I hope you know and the House knows that the President's pleasure or the Governor's pleasure does not mean Mr. Sanjiva Reddy's pleasure or Mrs. Sharda Mukherjee's pleasure in my State. It means the pleasure of a senior Government official, dealing with a subordinate government official. That is what it comes to. And therefore, if that is so, I want to go quickly to Articles 310 and 311. Now, I am not sure whether Articles 310 and 311 bodily should go. Article 310 does mention this; the very first sentence says 'Except as expressly provided by this Constitution'; which obviously means that Article 311 is covered. Art. 310 is subject to Art. 311, because the dismissal or removal of a servant is subject to the procedure laid down in Art. 311 plus these words 'except as expressly provided by the Constitution'. These words also refer *inter-alia* to Articles 124, 148, 217, 218 and 324 which relate to the offices of people like the Supreme Court Judges, High Court Judges, Comptroller and Auditor General, Election Commissioner and so on, and they cannot be removed. There is a special provision laid down due to which they cannot be removed, not by arbitrariness. But the point is that barring these high-placed officers, a large number of other Government officers can be removed by taking advantage of and recourse to Article 310. That is where the mischief enters and it is done in the name of an innocent article 311. Mr. Deputy-Speaker, Sir, Article 311 Clause (2) sub-clauses (b) and (c) mention very interesting points. Sub-Clause (a) is all right which says:

> "(c) where a person is dismissed or removed or reduced in rank on the ground of conduct which has led to his conviction on a criminal charge; or..."

He must know that is obvious.

Now Article 311(2)(b) says if the superior officer finds that the subordinate should be removed, but it is not reasonably practicable to hold such enquiry, all that the Article says is: 'let him write down on a piece of paper why it is not necessary and the man can be sent home, I think this is a doubtful proposition which is included in the Constitution, particularly under Article 311(2)(b), and (2)(c) is still worse. It says:

> "(c) where the President or the Governor, as the case may be, is satisfied that in the interest of the security of the State it is not expedient to hold such inquiry."

[Prof P. G. Mavalankar]

I may submit that this is a very wide blanket provision and under this provision, a number of people can be disposed of merely by saying 'No argument, no appeal and the only thing is that you are a security risk for the State and it is better for you to go home'.

Now, it is all right as Shri O. P. Tyagi said: that some strikes are wrong and bad and I agree with him. But in order to get rid of bad things and bad strikers, will you empower the Government with blanket arbitrary powers and thereby deny justice to people who are genuinely aggrieved, whose natural rights and justice and freedoms are denied. That is a moot question which they may ask, and which I do ask! Therefore, I suggest that these Articles need a suitable amendment, rather than get rid of the whole of Articles 310 and 311. That is what I am suggesting.

Mr. Bhagat Ram's statement has mentioned about the Emergency. What happened during Emergency? As I said, hundreds of cases were summarily dealt with and during the Emergency by 44th Constitutional Amendment; later on it became 42nd Amendment; the Government at that time got rid of judicial review over service rules and conditions and introduced Administrative Tribunals. The new Janata Government came to power and brought in a Constitutional Amendment to change it and rectify it and yet they could not do it because the Administrative Tribunals still remain. After all, they may consist of broadly Government servants—Senior Government servants and retired Government servants comprising the tribunals—they decided whether it was rightly punished or wrongly punished. I think that of course is a lacuna which we must go into and at the earliest opportunity we must get rid of the administrative tribunals and bring back and restore judicial review for the benefit of the natural rights and freedoms of the citizens and Government servants.

I have two more points to make. One is that I would suggest in regard to Article 311 which lays down the procedure, that the procedure is so straitjacketed that once the procedure is followed by the Government which means by any Senior Government officer or superior Government officer, then I am afraid—as far as my reading goes, I admit that I am not a lawyer, I am subject to correction by my lawyer friends here—that my reading of the Article shows to me that once Article 311 is satisfied in terms of procedure satisfactorily implemented, then neither the Supreme Court nor any High Court can go into the question of finding out whether the Government servant was removed rightly or wrongly. Is that right? Can you leave the Supreme Court and the High Court completely to the mercy of some formula in compliance with the provisions of Article 311, particularly Clause (2)(a) and (b) and more particularly (2)(c), if not 2(a)? The whole subject of service rules requires to be looked into more carefully. I know, Article 309 is an enabling Article, it does not say that the State Legislatures and the Indian Parliament must make laws for service rules; of course, the Government is not obliged to do that; it is only an enabling provision. And as far as my information goes, no State Legislature or the Indian Parliament have made any laws regarding service rules. Let them correct me, if I am wrong. If that is so, then the matter becomes all the more serious because of the situation. I do not know for instance, whether the service rules of the employees of our Secretariat, Lok Sabha and the other House, are according to the procedures well laid down by democratic countries. At least as a Member of Parliament, I do not know what those service rules

are. These have not been placed on the Table of the House. An element of arbitrariness is, therefore, there in these matters. If that has to be removed, if you want the morale of the public services to be retained, morale in terms of integrity, permanence, impartiality and incorruptibility of the civil services to be retained, then I think, a lot needs to be done in terms of finding out what exactly the phatse 'security of the State' is and getting rid of it as being use as the blanket provision and blank provision in the name of the security of the State. Even the 'pleasure doctrine' needs to be suitably defined and amended. If that is done, the purpose of my hon. friend in bringing forward this Bill will be more than adequately met.

श्री कंवरलाल गुप्त (दिल्ली सदर) : उपाध्यक्ष जी, इस विधेयक में जो विधान के संशोधन की बात कही गई है और जिस भावना से यह विधेयक सदन के सामने लाया गया है उसमें कोई दो राय नहीं हो सकती हैं। यह तो सभी स्वीकार करेंगे कि जो भी लोग नौकरी में हैं उनको सिक्योरिटी होनी चाहिए। कोई भी व्यक्ति जहां काम करता है वहां वह अपने जीवन का अधिकांश हिस्सा लगा देता है और अगर किसी भी समय उससे कह दिया जाये कि आप चले जायें तो शायद उसका ही नहीं, उसके परिवार का भी बरबाद हो जायेगा। सिक्योरिटी आफ सर्विस रहनी चाहिए। इसमें कहीं भी दो राय नहीं हैं। यह भी सही है कि इमरजेन्सी के दिनों में हमने देखा कि एक नहीं, दो नहीं, सैकड़ों अधिकारी जोकि उस समय के राजनीतिक नेताओं को पसन्द नहीं थे, उनको उठाकर के बाहर फेंक दिया गया इसी बात की वजह, या अगर कोई बड़ा अधिकारी अपने छोटे से नाराज था तो उसको भी केस बनाकर के बन्द कर दिया गया और हमेशा के लिए ऐसे लोगों का जीवन बर्बाद हो गया, उनके परिवारों का जीवन बर्बाद हो गया। ऐसे उदाहरण एक नहीं, अनेकों इमरजेन्सी में आए हैं। शायद इसी भावना से प्रेरित हो हो कर मेरे मित्र ने यह संशोधन यहां पर रखा है। मैं इसकी कद्र करता हूं लेकिन इस तस्वीर का एक दूसरा रुख भी है जिसको हमें ओझल नहीं करना चाहिए। उसका थोड़ा सा दिग्दर्शन अभी हमारे त्यागी जी ने किया है। क्या यह बात सही नहीं है कि अभी रूस के कुछ अधिकारी जोकि रशियन इम्बैसी में काम करते थे वे हमारे कि सं. सरकारी कर्मचारी से मिल करके सरकार की बहुत सारी खुफिया बातें विदेशों को देते थे? इस तरह की यह कोई पहली घटना नहीं है, इस तरह की कई घटनायें पहले भी हमारे देश में हुई हैं, सम्बन्धित सरकारी कर्मचारियों को गिरफ्तार भी किया गया है, उनकी सजा भी हैं। कई हुई बार ऐसा भी हो सकता है कि तरह क इस जो डाउटफुल करैक्टर हैं उनके ऊपर केस नहीं चलाए जा सकते।

16.00 hrs.

मुकदमा नहीं चलाया जा सकता, क्योंकि मुकदमा चलाने के लिये, कन्विक्शन कराने के लिये काफी एविडेन्स, डाक्यूमेन्ट्री एविडेंस सब कुछ चाहियें। लेकिन किसी का डैंजरस करैक्टर हो, डाउटफुल करक्टर हो, सरकार को यह लगता हो कि इस का यहां पर रहना ठीक नहीं है, ऐसी सूरत में सरकार क्या करे? इस का जवाब श्री भगतराम जी ने नहीं दिया है। मैं समझता हूं — इस के लिये यह जरूरी है कि ऐसे लोगों को बर्खास्तगी के भी छुट्टी देने की जरूरत हो, तो सरकार को देना चाहिये। क्योंकि यह सदन या बाहर की जनता इस तरह से अगर देश की सिक्योरिटी को खतरे में डाल देंगे, तब फिर कोई काम नहीं चलेगा। देश की सिक्योरिटी सब से जरूरी चीज है।

[श्री कंवर लाल गुप्त]

यह विधान हमारे देश के नेताओं ने बनाया, लेकिन केवल विधान बनाने से तो काम नहीं चल सकता, विधान तो एक किस्म की गाइड लाइन है, और पीछे उस के तोड़ने मरोड़ने का काम भी हुआ है। इसी विधान के नीचे 1975 में क्या इन्दिरा गांधी डिक्टेटर नहीं बनी ? उस ने विधान का कई दृष्टियों से उलंघन किया, विधान का संशोधन करके विधान के तहत——I think she was the first constitutional dictator in this country and the worst dictator ever produced in this country.

यह सब क्यों हुआ ? असल में विधान पर अमल करने वाली सरकार कैसी है — बहुत कुछ उस पर निर्भर रहता है, न कि इस बात पर कि विधान में क्या लिखा हुआ है। मैं आप को विश्वास दिलाना चाहता हूं—जनता पार्टी की सरकार रूल आफ ला में विश्वास करती है, जनता पार्टी कानून में विश्वास करती है। जनता पार्टी चाहती है कि हर आदमी को न्याय मिले। मैं मानता हूं—जनता पार्टी में दसियों बुराइयां होंगी हम आपस में लड़ते भी हैं, लेकिन एक चीज के लिये जनता पार्टी को दोषी नहीं कहा जा सकता —पिछले दो वर्षों में जनता पार्टी में किसी को जान बूझ कर दुश्मनी के नाते तंग किया हो। ऐसा कम से कम एक केस भी अभ्र में मेरी निगाह में नहीं आया। जनता पार्टी न्याय और कानून दोनों की कद्र करती है। यह शिकायत तो बहुत बार जनता ने की जनता पार्टी जितनी सख्त होना चाहिये गृह मंत्रालय जितना सख्त होना चाहिए — उतनी सख्त नहीं है। लेकिन यह कोई नहीं कहता कि किसी इनोसेंट आदमी को पकड़ कर जनता पार्टी ने बन्द कर दिया हो या किसी सरकारी कर्मचारी को, जिसे नहीं हटाना चाहिये था, उठा कर फेंक दिया हो या उस को हटाने में इस धारा का इस्तेमाल किया हो। क्योंकि जनता पार्टी का काम करने एक तरीका है, सोचने एक अलग तरीका है, जनता सरकार जिस आधार पर बनी है, उस आधार के नाते मैं यह कह सकता हूं कि इस संशोधन की कोई विशेष आवश्यकता नहीं है। हां, यह हो सकता है कि कल को कोई दूसरी सरकार आये और वह इस का दुरुपयोग करे तो यह जो ब्लांकेट पावर है, यह सरकार को देना ठीक नहीं होगा, उसी दृष्टि से यदि सरकार कोई री-थिंकिंग करना चाहे तो ज्यादा अच्छा होगा। लेकिन जब तक जनता पार्टी है — मेरा विश्वास है वह इस तरह का काम नही करेगी।

लेकिन जहां तक डिफेंस का सवाल है, देश की सिक्योरिटी का सवाल है — आप को याद होगा— संजय गांधी को हम कई बार यहां क्रिटिसाइज करते हैं और देश में जो अत्याचार हुआ उस के लिये बहुत हद तक हम उस को भी दोषी मानते हैं, लेकिन एक बात जो उस ने अच्छी की, उस का मैं सब के सामने कन्फेशन करता हूं, एमर्जेन्सी के दिनों में इस देश में कुछ ऐसे तत्व थे जो कांस्टीट्यूशनल तरीके में विश्वास नहीं करते थे।

16.05 hrs.

[SHRI N. K. SHEJWALKER *in the chair*]

जिन का तीर्थ स्थान भारत में नहीं है दूसरी जगह पर है और जो आदेश दूसरी जगह से लेते हैं वे लोग छा रहे थे सरकार के ऊपर। यहां तक कि उनके नेताओं ने भी कह दिया था कि सैंटर में भी हमारी कोएलिशन सरकार बनेगी। इंदिरा गांधी की सरकार भी उनके पीछे पीछे और साथ साथ चलती थी। यही एक संजय गांधी थे जिस का मैं कांट्रीब्यूशन बता रहा हूं जिसने इस बात का विरोध किया

और उसको एक्सपोज किया और इतने जोर से किया कि बेटे के साथ मां को भी खुल कर संजय गांधी के हक कहना पड़ा। जिस तरफ वह सरकार जा रही थी उस तरफ जाने से रुक गई और समाज विरोधी तत्व जिन के हाथ में सरकार जाती तब और भी ज्यादा जो अत्याचार होते और देश का क्या होता, मैं नहीं कह सकता। शायद जितना हुआ उससे और भी ज्यादा बुरा होता। उस चीज को संजय गांधी ने रोका। यह बहुत बड़ा कांट्रीब्यूशन संजय गांधी का था। इसको मैं पब्लिकली स्वीकार करता हूं।

जो भी आप निर्णय सर्विसिस के बारे में लें आपको देखना चाहिये कि क्राइसिस आफ कान्फिडेंस पैदा न हो। विश्वास सरकार का बना रहना चाहिये और सरकार में बना रहना चाहिये। आज सरकारी कर्मचारी हड़ताल करते हैं। बैंकों के लोग करते हैं। चपड़ासी जिन को पांच सौ रुपया महावार मिलता है वे करते हैं बैंक के अफसर करते हैं। पहली बार 30–32 साल की हिस्ट्री में यह जनता पार्टी की सरकार में हुआ है और उसने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। जिन कर्मचारियों को दो सौ रुपया मिलता है वे तो हड़ताल नहीं करते हैं, जो खेती हर मजदूर हैं और जिन को चार पांच रुपया रोज मिलता है वे नहीं करते हैं, उनके लिए कोई बोलता नहीं है लेकिन जिस चपड़ासी को पांच सौ रुपया मिलता है वह हड़ताल करता है, जिस अफसर को ढाई हजार मिलता है वह करता है और यह सरकार बैठी रहती है इसको देखना चाहिये।

मैं यह स्पष्ट कहना चाहता हूं कि सरकारी कर्मचारियों को हड़ताल नहीं करनी चाहिये। यह मेरी निजी राय है। आप इससे सहमत नहीं होंगे यह मैं जानता हूं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि एकतरफा किसी होती जाए। कोई मशीनरी ऐसी होनी चाहिये जो इंडिपेंडेंट हो जिस के पास कर्मचारी और सरकार दोनों जा सकें और अपना अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकें और उसका जो निर्णय हो वह सब को मान्य होना चाहिये। हड़ताल को खत्म करना चाहिये। मैं बहुत ज्यादा ट्रेड यूनियनिज्म सरकारी कर्मचारियों की पसन्द नहीं करता हूं। हड़ताल को भी पसन्द नहीं करता। लेकिन इस तरह की मशीनरी अवश्य होनी चाहिये जिस का फैसला दोनों पक्षों को मान्य हो।

मैं और अधिक न कहते हुए इतना ही कहना चाहता हूं कि मैं इस विधेयक की भावना की कद्र करता हूं लेकिन जनता पार्टी के राज्य में इसकी कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि जनता पार्टी रूल आफ ला में विश्वास करती है, कानून में विश्वास करती है और दो साल में ऐसा कोई भी केस नहीं हुआ है जहां जनता पार्टी ने किसी भी आदमी को गलत तरीके से फंसाया हो। किसी सरकारी कर्मचारी को डिसमिस किया हो। इसलिये कोई इसकी जरूरत नहीं है। लेकिन कल को यह सरकार बदल सकती है क्योंकि डेमोक्रेसी है, अतः उसके लिये कोई न कोई रास्ता ऐसा निकालना चाहिये जिसमें इस तरह जो बदले की भावना से कर्मचारी हटा दिये गये या निकाले जाते हैं उनकी भी देखभाल करने के लिये कोई इंडिपेंडेंट मशीनरी हो।

इन शब्दों के साथ में अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर): सभापति महोदय, जो गैर सरकारी बिल उपस्थित किया गया है संविधान संशोधन के सम्बन्ध में इस पर पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ से तर्क आ रहे हैं और अधिकांश वक्ताओं ने इस बात को स्वीकार किया है कि वर्तमान संविधान में जो प्रोवीजन है उसमें संशोधन

[श्री राम विलास पासवान]

की आवश्यकता है। वैसे तो सरकार के यहां मंत्री हैं जो इस पर गहराई से अपने विचार रखेंगे, और सदन की भावना को सरकार तक भी पहुंचायेंगे, फिर भी मैं दो, तीन बातें यहां रखना चाहता हूं। अभी माननीय कंवरलाल गुप्त, श्री ओम प्रकाश त्यागी और माननीय मावलंकर जी जो संविधान के एक्सपर्ट हैं उन्होंने अपने विचार रखे। तो एक बुनियादी चीज है, चाहे जनता पार्टी की सरकार हो या कांग्रेस की सरकार हो, सरकार क्या मानती है यह उस पर निर्भर करता है। ऐक्ट ऐक्ट है, लेकिन फैक्ट अलग हो जाते हैं। मैंने उस दिन भी कहा था कि हरिजन की बात ले लिजिये, जो भूमिहीन है सरकारी नियम के मुताबिक जिस जमीन पर वह बसा हुआ है उसको पर्चा मिल जाना चाहिये लेकिन होता क्या है। रात तक अगर घर था और सबेरे में जमीन हो गयी, तो मामला अफसर के पास जाता है। अगर गरीब घर का वह अफसर है तो कहता है कि नहीं कल तो घर था इसलिये इस गरीब को पर्चा दे दो। लेकिन अगर किसी बड़े घराने का अफसर हो तो वह कहेगा कि घर था ही नहीं इसलिये अगर पर्चा मिला भी है तो उसको कैंसिल करो। तो बुनियादी तरीके से हम क्या चाहते हैं? मैं पूछना चाहता हूं कि जो संविधान की 310 धारा में है उसके मुताबिक राष्ट्रपति के नजदीक कितने लोगों की सुनवाई जाती है? कितने आदमियों के मामले को वह पढ़ते हैं? फिर राष्ट्रपति का नाम क्यों प्रयोग करते हैं। आप कह दीजिये सेक्रेटरी। राष्ट्रपति को क्यों लिखा जाता है जब कि वह किसी को जानता भी नहीं। और सब कुछ होता जाय राष्ट्रपति के नाम पर। मैं समझता हूं कि निश्चित रूप से अब जनता सरकार बनी है और मैं मानता हूं कि आपने जो लिबर्टी दी है वह जरूरत से ज्यादा दी है जिसके तहत सारी चीज अस्तव्यस्त हो गई है। लेकिन उसके बावजूद भी यदि कानूनी तरीके से वैधानिक तरीके से आप उसका एक निदान अभी तक नहीं निकालें तो बहुत कम अवसर आते हैं जब आप ब्यूरोक्रेसी पर लगाम लगा सकते थे, बड़े से बड़ा डिक्टेटर भी जो होता है जब तक देश को एक बटे चार जनता या जनमत उसके पीछे नहीं रहता है तो वह डिक्टेटर नहीं बन पाता है। इस देश में मेरी राय में तीन बार मौके आये जब आप लगाम लगा सकते थे नौकरशाही पर। एक बार जब हम आजाद हुए और पंडित नेहरू प्रधान मंत्री बने, अपार जनसमूह उनके पीछे था। और उस समय यदि हम कानून के द्वारा कोई ऐसी लगाम लाते, तो निश्चित रूप से इस देश में जो अफसरशाही, नौकरशाही का बोलबाला है, उस पर हम लगाम लगा सकते थे।

दूसरा मौका 1971 के चुनाव के बाद आया, जिस समय श्रीमती इन्दिरा गांधी इस देश की प्रधान मंत्री थीं और उन के पीछे उस समय एक जनमत आया था अगर वह चाहती तो इसकी लगाम लगा सकती थीं।

तीसरा मौका आया 1977 के चुनाव के बाद जिसमें इस देश के प्रधान मंत्री श्री मोरारजी भाई बने और देश की बागडोर जनता सरकार के हाथ में आई। लेकिन इन 2 साल के बाद, स्वयं मंत्री जी भी इस बात से सहमत होंगे कि हमने इस अवसर को खोया है। अभी भी हमारे राज्य में अफसरशाही पर हमारी लगाम नहीं रही है। आज भी जो सस्पेंड और डिस्चार्ज करने की बात कहते हैं, मैं जानना चाहता हूं कि कितने आई० ए० एस० और कितने आई० पी० एस० अफसरों को आपने डिस्चार्ज किया है, कितनों की सेवाएं खत्म होती हैं? ... एक गिरोह बना हुआ है।

पुलिस का बड़े-से-बड़ा अफसर आई० पी० एस० होगा, उससे बड़ा कोई अधिकारी नहीं है । सिविल सर्विस का बड़े-से-बड़ा अधिकारी आ० ए ० एस० होगा । जैसा कि होम मिनिस्ट्री की डिबेट में कहा गया है जब इंटरव्यू में लिख देते हैं कि इस परिवार का कोई आदमी आई० ए० एस० या आई० पी० एस० में रहा है या नहीं, तो जब इंटरव्यू में यह सारी बात चलती है तो जब किसी अधिकारी के खिलाफ किसी जांच को बैठाने की मांग हम करते है, तो वह किसके पास जाती है ? आई० ए० एस० अफसर की शिकायत आई० ए० एस० के पास जाती है, आई० पी० एस० की शिकायत आई० पी० एस० के पास जाती है और किसी के पास नहीं जाती है । इन लोगों की एक एसोसियेशन बनी हुई है उसमें यह तय है कि जब भी इस तरह का कोई मामला आवे तो उसे इस तरह से रफा दफा कर दो कि उसके खिलाफ कुछ न हो सके । न तो मंत्री को फाइल देखने की फुरसत है और न उनकी नीयत साफ है । यदि कहीं पर नीयत साफ है तो नीति साफ नहीं है, कहीं नीति साफ है तो नीयत साफ नहीं है, कहीं दोनों चीजें हैं तो वहां बोल्डनेस नहीं है कि एक्शन लिया जा सके । नतीजा यह होता है कि आजादी के बाद यदि आप देखेंगे परसैंटेज लगायेंगे तो ऐसे मामलों में 00 और .00 परसैंटेज निकलती है । इसमें देखा जाये कि किसी भी आई० ए० एस० और आई० पी० एस० को दंडित किया गया है या नहीं ।

हम लोग एमर्जेन्सी के समय में थे, जयप्रकाश जी के ऊपर क्या मेन मुद्दा था ? इन्दिरा गांधी के द्वारा यही तो प्रचार किया जाता था कि जयप्रकाश नारायण फौज को बगावत करने के लिए कह रहे हैं । सिविल सर्विस के लोगों को बागी बना रहे हैं । कहते हैं कि सरकार के गलत आदेश को मत मानो ।

आज हम सरकार में हैं तो आज हमको यूनियनबाजी बहुत बुरी लग सकती है, अगर कोई हमारे खिलाफ मुरदाबाद के नारे लगाये तो हम सह नहीं सकते । अगर कोई प्रदर्शन होता है तो लगता है जैसे कलेजे में चोट लगती है । लेकिन जब कल हम सरकार के बाहर थे और फिर यदि कल सरकार के बाहर आने की बात होगी तो वही हमारा आधार बनता है । इसलिए इस बात को सीधे जड़ से काट देने की बात कि इसका कोई अधिकार रहेगा ही नहीं, तो मैं इससे डिफर करता हूं, एग्री नहीं करता हूं । राइट टु डिफर सबको रहना चाहिये । आप किसी को बिना सुने कुछ नहीं कर सकते । क्रिमिनल भी हैं, डाकू और लुटेरे भी हैं, मर्डर करने वाले भी हैं, लेकिन उनको भी सफीशिएंट मौका दिया गया है कि तुमको भी अपने पक्ष में कहना हो तो कहो । उनको न्यायालय में जाने का हक है । सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों को इस अधिकार से वंचित नहीं करना चाहिये । एमर्जेन्सी के पहले लोगों को कोर्ट में जाने का अधिकार था । उधर तो वही सफीशिएंट था, लेकिन एमर्जेन्सी में उसको कट कर दिया गया और कहा गया कि ट्रिब्यूनल बनायेंगे क्योंकि कोर्ट में जो सरकार चाहे वह नहीं हो सकता है, लेकिन ट्रिब्यूनल में जो सरकार चाहे वह करा सकती है । इसलिए कोर्ट का अधिकार घटा कर ट्रिब्यूनल में ले लिये । क्या हमको मालूम नहीं है कि एमर्जेन्सी में क्या होता था ? अगर कहीं 50 हजार की भीड़ जुटाना हो तो नोटिस चला जाता था कि जितने भी विभाग के कर्मचारी हैं, वह सब फील्ड में पहुंच जायें, इससे 50 हजार की भीड़ तुरन्त इकट्ठी हो जाती थी । अगर कहीं संजय गांधी और इन्दिरा गांधी जाते थे तो इसी तरह से लाखों की भीड़ सरकारी कर्मचारियों द्वारा जुटाई जाती थी । जो सरकारी कर्मचारी कहते थे कि उन्हें नहीं जाना है, तो उन पर तुरन्त नोटिस जारी हो जाता था । हमको यह भी मालूम है कि सरकारी कर्मचारियों और

[श्री राम विलास पासवान]

शिक्षकों को यह कह दिया गया था कि उन्हें एक महीने में तीस व्यक्तियों की नसबन्दी करानी होगी, और अगर वे नहीं करायेंगे, तो दो तीन बार वार्निंग देकर उन्हें निकाल दिया जायेगा । इमरजेंन्सी के दौरान यह सब कुछ हुआ है ।

> जनता पार्टी के घोषणापत्र में कहा गया है कि वह ऐसा प्रबन्ध करेगी कि सरकारी कर्मचारियों का अकारण उत्पीड़न न किया जा सके, उन पर कोई राजनैतिक दबाव न पड़ने पाए और उनको गैर कानूनी आदेश मानने तथा अवैध काम करने के लिए बाध्य न किया जा सके । न्यायालयों का आश्रय लेने का उनका अधिकार उन्हें वापिस मिलेगा ।"

मेरे जैसा आदमी तो यह कहेगा कि अगर कोई सरकारी कर्मचारी किसी पब्लिक वर्क में ढीले करता है, तो बेशक उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाये । हम लोगों से रोज झगड़ा होता है । रेलों में हम देखते हैं कि अगर कोई गाड़ी दो घंटे लेट हो गई, तो सेक्रेटेरियट के बाबू लोग रेलवे कर्मचारियों को गाली देना शुरू कर देते हैं और कहते हैं कि जनता पार्टी की सरकार आई है और गाड़ी दो घंटे तक लेट हो जाती है । हम उनसे कहते हैं कि जब वे अपने दफ्तर में होते हैं और रेलवे कर्मचारी वहां किसी काम से जाते हैं, तो वे स्वयं क्या करते हैं । आज स्थिति यह है कि अगर कोई पोस्टल एम्पलाई रेल पर चढ़ता है, तो वह रेलवे कर्मचारियों को गाली देता है और अगर रेलवे कर्मचारी को पोस्टल विभाग से कोई काम पड़ता है, तो वह उस विभाग के कर्मचारियों को गाली देता है । (व्यवधान)

अगर हम कुछ नहीं करेंगे, तो लोग हमें
गाली देंगे कि हम कुछ नहीं कर पा रहे

गवर्नमेंट एक पावरफुल कमेटी या
बनाये— ऐसी कमेटी नहीं कि उसकी
आते आते दूसरी कमेटी बैठ जाये—, जो
नई व्यवस्था करे—न 1935 का कानू
न विक्टोरिया के राज का कानून रहे
कांग्रेस के राज का कानून रहे—, जिसमें
तय कर दिया जाये कि बिजली.,
डिफेंस आदि जो पब्लिक यूटिलिटी या
साधारण के उपयोग सें सम्बन्धित विभा
यदि उनमें कोई कर्मचारी सुस्ती या लापर
करेगा, तो सरकार उसे कतई बर्दास्त
करेगी, और नियमों के तहत ऐसे कर्म
को कड़े से कड़ा दंड देने की व्यवस्था
सरकार को यह कदम उठाना चाहि
केवल संविधान सें यह लिख देने से कि सर
कर्मचारी राष्ट्रपति की इच्छा, खुशी या
पर ही नौकरी में रहेंगे, अभी तक कोई
नहीं पड़ा है । कहा जाता है कि संविधा
इस अनुच्छेद से सरकारी कर्मचारी भय
हैं । मगर उस अनुच्छेद को पढ़ता कौन
कोई नहीं पढ़ता है ।

अगर कोई सरकारी कर्मचारी
सीनियर बास की इच्छा के मुताबिक
करता है, उसके कहने के मुताबिक
काम भी करता है, तो अनुच्छेद 310
311 के प्रयोग का प्रश्न ही नहीं उठता
यह कहा जा सकता है कि इन अनुच्छे
कारण डिसिप्लिन कायम रहती है या कर्म
अपने बास की हां में हां मिलाने और उ
इच्छा के अनुसार दिन को रात और रात
दिन कहने के लिए बाध्य होते हैं । मगर
जन-साधारण की कोई भलाई होने
नहीं है ।

सेंटर में तीस लाख एम्पलाईज हैं
स्टेट्स में चालीस लाख एम्पलाईज
दूसरी जगह की बात छोड़ दीजिए । हम

पार्लियामेंट में बैठे हुए हैं। पिछले सालों की प्रोसीडिंग्ज को उलटते उलटते पता चला कि 1955 से आठ नौ डिपार्टमेंट्स पर कभी बहस ही नहीं हुई और उनकी डिमांड्ज वैसे ही पास हो जाती रही हैं। हम लोग इस सेक्रेटेरियट में बैठे हुए हैं। हम लोगों ने यह जानने की कोशिश की कि इस सेक्रेटेरियट के एम्पलाईज के लिए क्या नियम और कायदे-कानून बने हुए हैं। उनके लिए कोई नियम आदि नहीं हैं।

इसलिए यह आवश्यक है कि ऐसा कानून बना दिया जाये, जिससे न तो सरकारी कर्मचारी को यह कहने का मौका मिले कि किसी नियम के तहत उस पर ज्यादती की जा रही है, और साथ ही जो कर्मचारी गड़बड़ करे, डीले करे—जस्टिस डीलेड इज जस्टिस डेनाइड—, उसको बचने का मौका भी न मिले, उसको माफ़ भी न किया जाये।

इन दोनों कसौटियों को देखते हुए, एक तरफ जनता और दूसरी तरफ सरकारी कर्मचारियों को अननेसेसरिली हैरेस कर ने की प्रवृत्ति, इन दोनों को देखते हुए यदि कोई ठोस उपाय या कदम सरकार निकाल सके तो निकालना चाहिए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं समाप्त करता हूं और आपको धन्यवाद देता हूं।

SHRI B. C. KAMBLE (Bombay South-Central): I would like to make a few observations on this Bill. The present position appears to be that all the services are being regulated under the rules which were framed prior to independence. All these rules are being continued under the transitory provisions of the Constitution. Therefore, it is high time that the Government come with a comprehensive Bill in this Parliament, governing the service conditions, and dispense with all the previous rules.

Secondly, this Bill proposes to delete sub-clause (c) of the second proviso. But, so far as article 310 is connerned, I would have been happier if the mover had suggested some substitute provision in place of article 310, because that is controlled by article 311. Therefore, so far as article 310 is concerned, it is not so dangerous as it is being controlled by article 311. So far as defence and other services are concerned, a Bill should be brought here, or at least the present rules should be discussed in the House and approval should be obtained. Otherwise, these rules are going to be very dangerous for the service people.

Even though there is a provision in article 311 that until an enquiry is made, no person shall be either dismissed, removed or reduced in rank, still it is done without an enquiry under the famous rule 5, which says that if a person is temporary, then such an enquiry is not necessary and that will not attract the provisions of article 311. In fact, article 311 is very specific. It says:

> "No person who is a member of a civil service of the Union or an all-India service or a civil service of a State or holds a civil post under the Union or a State shall be dismissed or removed by an authority subordinate to that by which he was appointed.
>
> (2) No such person as aforesaid shall be dismissed or removed or reduced in rank except after an inquiry in which he has been informed of the charges against him and given a reasonable opportunity of being heard in respect of those charger...."

This article is superseded by rule 5 and summarily several people have been removed from service without any enquiry being held, which means that rule 5 is given a position or status far superior to that of article 311. I would suggest to Shri Bhagat Ram

[Shri B. C. Kamble]

that along with sub-clause (b), sub-clause (c) should also be deleted, because so long as that enquiry is not there, it is a violation of article 311.

Therefore, I partly support the Bill. At the same time, I would suggest to the hon. Minister to bring all the rules before the House and get approval or bring a comprehensive Bill so that there will be uniformity in all the departments and justice would be done to all the people concerned.

श्री लक्ष्मी नारायण नायक (खजुराहो) : माननीय सभापति जी जो संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत है मैं उसकी भावना की कद्र करता हूं। जब हम प्रजातंत्र को मानते हैं तब फिर हमें उसी तरीके से चलना भी होगा। लोग चाहे सर्विस में हों या सर्विस में न हों, उनके अधिकारों को मानना चाहिए। इतने वर्षों के बाद भी इस देश में आज भी ऐसे आदमी हैं जिनको जिन्दगी निश्चितता की जिन्दगी नहीं है। वे यह समझ नहीं पा रहे हैं कि कल हमारा क्या होगा। इसी तरह से जो सर्विस में हैं अगर उनको भी इतनी गारन्टीज रहे कि कल हमारा भविष्य क्या होगा तो यह उचित नहीं है। इसलिए मैं मानता हूं कि चाहे सर्विस में हों या कहीं भी हों उनसे कारण जरूर पूछा जाना चाहिए कि तुमने ऐसी गलती की है इसलिए इसका जवाब दो—बिना कारण पूछे किसी को भी सर्विस से निकालना उचित नहीं है। हमारी जो मौलिक बातें हैं उन्हें हमको ध्यान में रखना पड़ेगा। जब हमारे प्रधान मंत्री जी ने इस बात को कहा है, लोकसभा में भी और बाहर भी—कि हमारा शासन गांधी जी के उसूलों पर चलेगा तो गांधी जी की जो मान्यतायें रही हैं उनके अनुरूप ही हमें प्रगतिशील शासन चलाना पड़ेगा, हमें देखना पड़ेगा कि गांधी जी ने हमें क्या आदर्श बताए हैं। इसलिए चाहे सैनिक हों या असैनिक, किसी भी पद पर हों, बिना कारण उनको नहीं निकाला जाना चाहिए।

यहां पर उदाहरण दिया गया कि यहां का कोई जासूस विदेशी जासूस से मिलकर यहां की खबर दे दे तो उससे देश को आघात हो सकता है। इस संबंध में मेरा कहना है कि किसी दूसरे राष्ट्र का या यहां का भी कोई देशद्रोही हमारे देश को तभी नुकसान पहुंचा सकता है जबकि हमारी जनता हमारे साथ न हो। इसलिए हमारा प्रशासन ऐसा होना चाहिए, हमारे कामकाज ऐसे होने चाहिए कि हम अपने देश की जनता को अपने विश्वास में लें। किसी भी शासन का यह प्रथम काम है कि जिस जनता पर शासन करना है उस का विश्वास उसके साथ हो। यदि इस प्रकार की दृढ़ बातें हम कर लेते हैं तो फिर चाहे कोई बाहर की शक्ति हो या यहां की शक्ति हो वह इस देश को और यहां की सरकार को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकती है। इसलिए हमें मजबूती के साथ उन मान्यताओं को अमल में लाना होगा। एक ओर तो हम कहते हैं कि हमारा प्रजातंत्र में विश्वास है तो प्रजातंत्र में विपक्षी दल भी होंगे और विपक्षी दल का अधिकार है संगठन करने का, जुलूस निकालने का और मौका पड़े तो हड़ताल भी करने का। गांधीजी ने भी कहा था कि कोई भी सरकार हो, अगर किसी के साथ कोई अन्याय होता है तो उसके खिलाफ लड़ना चाहिए। कोई हड़ताल भी तभी हो सकती है जब जनता साथ दे। अभी बैंक वालों ने नोटिस दी थी कि हड़ताल करेंगे लेकिन क्या जनता ने उनका साथ दिया? नहीं दिया इसलिए उनकी हड़ताल नहीं हो सकी। इसलिए मैं कहता हूं कि कोई भी कुछ कहता रहे, अगर उसकी बात सही है तभी वह उसमें कामयाब होगा। कुछ लोग मिलकर अगर किसी संस्थान या दफ्तर में किसी तरह से नुकसान पहुंचाना चाहते हैं तो वे नहीं पहुंचा सकते हैं कि फिर गुप्तचर विभाग किस लिए है? अगर कोई ऐसी खबर मिलती है तो उस सम्बन्ध में उसको बड़ा प्रबंध रहना चाहिए

उस की ड्यूटी है कि अगर कोई इधर की बात उधर करता है, अपने कर्तव्य का पालन नहीं करता है तो उस के विरुद्ध कार्यवाही करे। हमतो यह चाहते हैं कि हमारे जितने शासकीय कर्मचारी हैं—वे कर्तव्यपरायण हों, कर्त्तव्य-निष्ठ हों। हमें उन को इस तरह की शिक्षा देनी चाहिए तथा देश में ऐसा वातावरण होना चाहिए कि जो भी सर्विस में हो या बाहर हों, वे देश-प्रेमी बनें, देश-भक्त बनें, जनता का जो भी काम उन्हें करना है, वह ईमानदारी से करें। यह भावना हमें देश में पैदा करनी होगी और ऐसा करने के लिये यदि हमें अपने कानूनों में कुछ तबदीली भी करनी पड़े तो हमें उस के लिये तैयार रहना चाहिये। आज हम एक नये युग में प्रवेश कर रहे हैं, इस लिए जो ऐसी परम्परायें हैं, ऐसे कानून हैं जिन को हम समाज के लिये अच्छा नहीं समझते हैं, उन्हें बदल डालना चाहिए।

आज आप देखेंगे—बहुत से विभागों में जो कैजुएल लेबर होती है—किसी ने 6 महीने काम किया है या एक वर्ष काम किया है, यदि वह रेगुलर बनने की कोशिश करता है या कोई दरख्वास्त देता है कि मैं इतने वर्षों से काम कर रहा हूं, मुझ को रेगुलर बना दिया जाय, तो हमारे अफसर फौरन उस से नाराज हो जाते हैं और उस को निकाल देते हैं। ऐसे एक नहीं अनेक उदाहरण हैं—जहां उन को निकाल दिया गया है ताकि वह रेगुलर न हो सकें। इस लिये मैं आप से कहना चाहता हूं—किसी की जिन्दगी किसी की कृपा पर निर्भर नहीं रहनी चाहिए। लेकिन हमारे गृह मंत्री जी यदि इस में थोड़ा-बहुत हेरफेर करना चाहते हैं तो वे जरूर करें, उस में मुझे आपत्ति नहीं है। लेकिन इस तरह से कहना कि जो बातें कही गई हैं वे सब सही हैं या हम उनको सही मानते हैं, भावना बहुत अच्छी है, लेकिन इस को पास नहीं करना चाहिए—यह ठीक बात नहीं है। यदि भावना ठीक है तो वह कार्य रूप में परिणित होनी चाहिए, जिस बात को हम अच्छा समझते हैं – उस को लागू किया जाना चाहिये। मैं तो यहां तक कहना चाहता हूं—यदि जनता पार्टी की सरकार अपने उद्देश्यों में मजबूत है, अपने कार्यकलापों में मजबूत है, सही काम करेगी, तो सारे देश की जनता और विपक्षी दल उस का साथ देंगे। हमारे देश का प्रजातन्त्र तब ही मजबूत रहेगा जब देश की जनता के लिये सही काम करेंगे इस देश में तानाशाही नहीं रहेगी। आप देखते हैं— बहुत सी जगहों पर चापलूसी करने वाले, जो बहुत होश्यार हैं, रिश्वत भी देते हैं—उन की नौकरी बनी रहती है, चाहे वे घर पर ही बैठे रहें, ड्यूटी पर आयें या न आयें और जो निष्पक्ष, ईमानदार हैं, उन के साथ अन्याय होता है। इसलिये मैं कहता हूं कि हम जिन बातों को अच्छा समझते हैं हमें उन को मानना चाहिये। चाहे शासकीय व्यक्ति हो या अशासकीय व्यक्ति हो—सब को एक तरह से काम करना होगा, लगन से काम करना होगा, सही काम करना होगा, किसी की कृपा पर किसी की जिन्दगी नहीं होनी चाहिये। इसलिये मैं इस विचार-धारा का समर्थन करता हूं।

*SHRI A. SUNNA SAHIB (Palghat): Mr. Chairman, Sir, though I am not in a position to welcome the Constitution Amendment Bill of my hon. friend Shri Bhagat Ram, in its entirety, I would like to commend the spirit behind this significant Bill.

Article 309 of the Constitution adumbrates that Acts of appropriate Legislature may regulate the recruitment, and conditions of service of persons appointed to public services and posts in connection with the affairs of the Union or of any State

*The original speech was delivered in Tamil.

[Shri A. Sunna Sahib]

It is recognised that such rules and regulations governing the Services will be in consonance with the statutes enacted by an elected Assembly. It also ensures that man is not infallible, in whatever position he is placed. The decision making process involves certain risks and without taking such risks we cannot ensure development in any sphere of human activities. But these mistakes should not incur the wrath of vengeance from the superior Officers. It should be tempered by natural justice. There should be built-in safeguards for protecting those who commit genuine mistakes in the process of implementation of decisions. If mistake are to be penalised without giving opportunities to those people for correcting themselves, then the governance of the country will be in jeopardy.

Articles 310 and 311 speak about the tenure of office of persons serving the Union or a State subject to the pleasure of the President or the Governor and also about the processes of dismissal, removal or reduction in rank of such persons. The pleasure of the President or the pleasure of the Governor does not mean that the President or the Governor takes direct interest or involvment in the process of implementation of service rules. It is only the superior Government Officers who take power in their hands to do such things. I do not say that offences should not be punished. But I would like to point out that unbridled penalties will prove banal to constitutional provisions of fairplay and natural justice. One should be made to realise that he has committed a mistake; but the punishment should not deter him from taking any decisions at all.

As has been pointed out by the Members who preceded me, there is a sea-change of difference between pre-Independence conditions and post-Independence conditions. We have incorporated in our Constitution certain portions of 1935 Government of India Act according to which the Service rules have been framed. In the Republican India, the circumstances demanded a different orientation. We have changed from a colonial atmosphere into a welfare atmostphere. The present constitutional provisions do require certain amendments in this regard.

Sometime back the chance for judicial review of the Service rules was supplanted by Administrative Tribunals comprising high Government officials. This was actually denial of natural justice to the Government servants, who like any other citizen of the country, are entitled to enjoy basic fundamental rights. We cannot have two sets of constitutional provisions for the people of the country. We must restore the opportunity of judicial review for the Government Services They should have the right to go to Court of laws and not chained to Administrative Tribunals.

I will refer to Article 311(2)(b) of the Constitution which states:

> Where an authority empowered to dismiss or remove a person or to reduce him in rank is satisfied that for some reason, to be recorded by that authority in writing, it is not reasonably practicable to hold such inquiry.

